No. of Printed Pages/Questions: 5 / 13

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2019 – 2020)

**Class / Section: IX** | **MM: 80**

**Subject: HINDI** | **Time: Hrs. 3.00**

Name: ____________ | Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

***General Instructions:** All questions are compulsory*

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।

(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।

(5) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

---

(खण्ड–क)

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+1+2+2+2)

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में चिंतित है। सभ्यता की अग्रगति के साथ ही चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है। इस व्यावसायिक युग में उत्पादन की होड़ लगी हुई है। कुछ देश विकसित कहे जाते हैं, कुछ विकासोन्मुख। विकसित देश वे हैं जहाँ आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग हो रहा है। ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते हैं और उस सामग्री की खपत के लिए बाज़ार ढूँढ़ते रहते हैं। अत्यधिक उत्पादन क्षमता के कारण ही ये देश विकसित और अमीर हैं। विकासोन्मुख या ग़रीब देश उनके समान ही उत्पादन करने की आकांक्षा रखते हैं और इसलिए उन सभी आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। उत्पादन क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि सारे संसार में उन वायुमण्डल प्रदूषण यंत्रों की भीड़ बढ़ने लगी है जो विकास के लिए परम आवश्यक माने जाते हैं। इन विकास वाहक उपकरणों ने अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं। वायुमण्डल विषाक्त गैसों से भरता जा रहा है कि संसार का सारा पर्यावरण दूषित हो उठा है। जिससे वनस्पतियों तक के अस्तित्व संकटापन्न हो गए हैं। अपने बढ़ते उत्पादन को खपाने के लिए हर शक्तिशाली देश अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा रहा है और आपसी प्रतिद्वंद्विता इतनी बढ़ गई है कि सभी ने मारणास्त्रों का विशाल भंडार बना रख है।

क) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

ख) 'पर्यावरण' एवं 'परिणाम' शब्दों के उपसर्ग एवं मूल शब्द पृथक कीजिए।

ग) मनुष्य अपने भविष्य के बारे में क्यों चिंतित है ?

घ) संसार के कुछ देश अत्यधिक विकसित और अमीर हैं, इसका क्या कारण है ?

ङ) विकासोन्मुख तथा ग़रीब देशों की अभिलाषा क्या है ?

**प्र0 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+1+1+2+2)

मैं मज़दूर मुझे देवों की बस्ती से क्या ?
अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए

अंबर पर जितने तारे उतने वर्षों से
मेरे पुरखों ने धरती का रूप सँवारा
धरती को सुंदरतम करने की ममता में
बिता चुका है कई पीढ़ियाँ वंश हमारा
अपने नही अभाव मिटा पाया जीवन भर,
औरों के सभी अभाव मिटा सकता हूँ
युगों–युगों से इन झोंपड़ियों में रहकर भी,
औरों के हित लगा हुआ हूँ महल सजाने,
ऐसे ही मेरे कितने साथी भूखे रह,
लगे हुए हैं औरों के हित अन्न उगाने,
इतना समय नहीं मुझको जीवन में मिलता,
अपनी खातिर सुख के कुछ सामान जुटा लूँ
और अभी आने वाली सदियों में,
मेरे वंशज धरती का मिलकर उद्धार करेंगे
इस प्यासी धरती के हित में ही लाया था,
हिमगिरि चीर सुखद गंगा की निर्मल धारा।

क) कविता के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

ख) देव और अंबर शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

ग) मज़दूरों की कई पीढ़ियाँ निरंतर किस कार्य में लगी हुई हैं ?

घ) 'अगणित बार धरा पर स्वर्ग बनाने' से कवि का क्या अभिप्राय है ?

ङ) गंगा की निर्मल धारा को कौन, कहाँ से और किसलिए ले आए ?

**(खण्ड–ख)**

**प्र0 3(अ) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(1+1+1+1)**

क) 'दुर्गम' शब्द में उपसर्ग एवं मूलशब्द पृथक कीजिए।

ख) 'अति' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

ग) 'अपमानित' शब्द में मूलशब्द एवं प्रत्यय पृथक कीजिए।

घ) 'आवट' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

**3(ब) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का भेद लिखिए–** **(1+1+1)**

देशनिकाला, गजानन, तिराहा

**प्र0 4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(1+1+1+1)**

क) यह चीनी किला पुराना है। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पहचानिए)

ख) प्रधानमंत्री ने लालकिले पर तिरंगा फहराया। (प्रश्नवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

ग) श्याम ने बाज़ार से फल लिए। (निषेधवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

घ) भगवान तुम्हे दीर्घायु प्रदान करे। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पहचानिए)

**प्र0 5 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(1+1+1+1)**

क) निरपख होई के हरि भजै, सोई संत सुजान। (अलंकार पहचान कर उसका भेद लिखिए)

ख) पायो जी मैंने राम–रतन–धन पायौ। (अलंकार पहचान कर उसका भेद लिखिए)

ग) मानवीकरण अलंकार का एक उदाहरण लिखिए ।

घ) पीपर पात सरिस मन डोला। (अलंकार पहचान कर उसका भेद लिखिए)

**(खण्ड–ग)**

**प्र0 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2+2+1)**

हर शाम सूरज ढलने से पहले, जब वाटिका का माली सैलानियों को हिदायत देगा तो लगता है जैसे बस कुछ ही क्षणों में वो कहीं से आ टपकेगा और संगीत का जादू वाटिका के भरे–पूरे माहौल पर छा जाएगा। वृंदावन कभी कृष्ण की बाँसुरी के जादू से खाली हुआ है क्या! मिथकों की दुनिया में इस सवाल का जवाब तलाश करने से पहले एक नज़र कमज़ोर काया वाले उस व्यक्ति पर डाली जाए जिसे हम सालिम अली के नाम से जानते हैं। उम्र की शती तक पहुँचने में थोड़े ही दिन तो बच रहे थे। संभव है, लंबी यात्राओं की थकान ने उनके शरीर को कमज़ोर कर दिया हो, और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उनकी मौत का कारण बनी हो। लेकिन अंतिम समय तक मौत उनकी आँखों से वह रोशनी छीनने में सफल नहीं हुई जो पक्षियों की तलाश और उनकी हिफ़ाज़त के प्रति समर्पित थी। सालिम अली की आँखों पर चढ़ी दूरबीन उनकी मौत के बाद ही तो उतरी थी।

क) सालिम अली की मृत्यु का कारण क्या था ?

ख) सालिम अली जीवन भर किस बात के लिए समर्पित रहे ?

ग) सैलानियों शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सन् 1857 ई. के विद्रोही नेता धुंधूपंत नाना साहब कानपुर में असपफल होने पर जब भागने लगे, तो वे जल्दी में अपनी पुत्री मैना को साथ न ले जा सके। देवी मैना बिठूर में पिता के महल में रहती थी, पर विद्रोह दमन करने के बाद अंगरेज़ों ने बड़ी ही क्रूरता से उस निरीह और निरपराध देवी को अग्नि में भस्म कर दिया। उसका रोमांचकारी वर्णन पाषाण हृदय को भी एक बार द्रवीभूत कर देता है। कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंगरेज़ों का सैनिक दल बिठूर की ओर गया। बिठूर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया, पर उसमें बहुत थोड़ी सम्पत्ति अंगरेज़ों के हाथ लगी। इसके बाद अंगरेज़ों ने तोप के गोलों से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। सैनिक दल ने जब वहाँ तोपें लगायीं, उस समय महल के बरामदे में एक अत्यन्त सुन्दर बालिका आकर खड़ी हो गयी। उसे देख कर अंगरेज़ सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआः क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कहीं दिखाई न दी थी।

क) मैना के साथ अंगरेज़ों ने कैसा व्यवहार किया ?

ख) अंगरेज़ सेनापति को किस बात का आश्चर्य हुआ ?

ग) अंगरेज़ों के दल ने कानपुर में हत्याकाण्ड क्यों किया ?

**प्र0 7 नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (2X4=8)

क) हीरा और मोती में से आप किसे बुद्धिमान मानते हैं और क्यों ?

ख) अपनी यात्रा के दौरान लेखक राहुल सांकृत्यायन को किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

ग) 'दो बैलों की कहानी' में बैलों के माध्यम से कौन–कौन से नीति विषयक मूल्य उभर कर आए हैं ?

घ) लेखक ने तिब्बत यात्रा किस वेश में की और क्यों ?

ङ) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?

**प्र0 8 निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+2+2)

क्या? देख न सकती ज़ंजीरों का गहना?
हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश–राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ? जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान!
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुँआ।
दिन में करुणा क्यों जगे,
रुलानेवाली, इसलिए रात में गज़ब ढा रही आली?

क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख) हथकड़ियों को ब्रिटिश राज का गहना क्यों कहा गया है ?

ग) रात्रि में कोकिल की आवाज़ कवि को किससे युक्त लग रही है और क्यों ?

अथवा

आई सीधी राह से,
गई न सीधी राह।
सुषुम–सेतु पर खड़ी थी,
बीत गया दिन आह !
जेब टटोली, कौड़ी न पाई ?
माँझी को दूँ क्या उतराई ?

क) कवि और कविता का नाम लिखिए ?

ख) 'ज़ेब टटोली कौड़ी न पाई' के माध्यम से कवयित्री क्या कहना चाहती है ?

ग) 'सुषुम–सेतु पर खड़ी कवयित्री का दिन किस प्रकार बीत गया ?

**प्र0 9 नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (2X4=8)

क कबीर के अनुसार लोग पक्ष–विपक्ष के कारण क्या भूल गए हैं ?

ख गोपियाँ कृष्ण की मुरली को अपनी अधरों से क्यों नहीं लगाना चाहतीं ? 'रसखान के सवैये' पाठ के आधार पर लिखिए।

ग  कवि रसखान का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है ?

घ  कवि माखनलाल चतुर्वेदी ने हथकड़ियों को गहना क्यों कहा है ?

ङ)  कवि कोयल की अपेक्षा स्वयं को हीन महसूस क्यों कर रहा है ?

**प्र0 10 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए–** (2X2=4)

क)  ''डराने–धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है।'' 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ख)  शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की समाज को कैसे व्यक्तित्व की ज़रूरत है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

ग)  सिद्ध कीजिए कि उमा के कथन में लड़कियों की पीड़ा प्रकट होती है।

**(खण्ड–घ)**

**प्र0 11** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए– 10

क  **जीवन में खेल का महत्त्व–**

भूमिका, खेल के प्रकार, खेलों से लाभ, खेल की आवश्यकता, उपसंहार।

ख  **दैनिक जीवन में अनुशासन–**

अनुशासन से आशय, अनुशासन का महत्त्व, सफलता हेतु अनुशासन, उपसंहार।

ग  **मनोरंजन के आधुनिक साधन–**मनोरंजन का तात्पर्य, मनोरंजन के साधन, मनोरंजन की आवश्यकता, आधुनिक साधनों की उपयोगिता, उपसंहार।

**प्र0 12** कुछ असामाजिक तत्व आपके मोहल्ले में रात भर जुआ खेलते हैं तथा हंगामा करते हैं। इनकी शिकायत करते हुए क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आज दिन–प्रतिदिन सूचना एवं संचार माध्यम लोगों के बीच लोकप्रिय होते जा रहे हैं। ऐसे में पत्र लेखन पीछे छूटता जा रहा है। पत्र–लेखन का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। 5

**प्र0 13** आपने अपना गृहकार्य नहीं किया है इसका कारण बताते हुए शिक्षक के साथ होने वाला संवाद पचास शब्दों (50) में लिखिए। 5

**अथवा**

धारा 370 पर दो मित्रों के बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

–––00–––